# अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 15 दिसंबर 2025
पौष कृष्ण-एकादशी
विक्रम संवत-2082


**PAGE NO 2 : BOTTOM**

सम्मान

### जीआरएम स्कूल में 26वीं गुलदाउदी प्रदर्शनी का हुआ समापन, पुरस्कार पाकर खिले चेहरे

# देव मूर्ति और श्रद्धा की गुलदाउदी से निकली जीत की सुगंध

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। नैनीताल रोड स्थित जीआरएम स्कूल में दो दिवसीय 26वीं श्री नमोनारायण स्मृति गुलदाउदी प्रदर्शनी का रविवार को समापन हुआ। मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार के संसदीय कार्य एवं वन मंत्री सुबोध उनियाल ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

प्रदर्शनी में गुलदाउदी की 30 किस्मों के 967 गमले प्रदर्शित किए गए। देव मूर्ति की गुलदाउदी को किंग ऑफ द शो और श्रद्धा खंडेलवाल की गुलदाउदी को क्वीन ऑफ द शो घोषित किया गया।

संस्थागत श्रेणी में सर्वाधिक पुरस्कार प्राप्त करने के लिए कैंटोनमेंट बोर्ड को विजेता और गंगाशील को उपविजेता ट्रॉफी सौंपी गई। कैंटोनमेंट बोर्ड ने आठ कैटेगरी में प्रथम पुरस्कार जीता, जबकि गंगाशील को पांच कैटेगरी में द्वितीय पुरस्कार मिले। व्यक्तिगत प्रविष्टियों में शशि बाला राठी, आशा मूर्ति, फादर रॉयल एंथनी सहित अन्य प्रतिभागियों ने प्रथम और द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किए।

मुख्य अतिथि ने लोगों को प्रकृति से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधक राजेश जौली ने आभार जताया। इस 26वें संस्करण में प्रथम बार हिस्सा लेने वाले केशलता इंटरनेशनल स्कूल, द गुरु स्कूल, अल्मा मातेर डे बोर्डिंग स्कूल को भी सम्मानित किया गया।

राष्ट्रगान और भारत माता की जयकारों के साथ प्रदर्शनी का समापन हुआ। प्रदर्शनी के समन्वयक रसिक टंडन, मुग्धा बिष्ट, रजनीश त्रिवेदी, राहुल मैसी, मीडिया प्रभारी रजनीश त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।



प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत। संवाद